संख्या- 33/2017/**713/33-3-2017-81/2017**

प्रेषक,

चंचल कुमार तिवारी,

अपर मुख्य सचिव,

उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

अपर मुख्य सचिव,

सूचना विभाग,

उ0प्र0 शासन।

पंचायती राज अनुभाग-**3** लखनऊ दिनांक 19 अप्रैल, **2017**

विषय : दिनांक **24** अप्रैल **2017** को राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस के आयोजन के सम्बंध में।

महोदय,

कृपया सचिव भारत सरकार के पत्र सं0 जे**0-11011/1/2017-**मीडिया, दिनांक **06** अप्रैल **2017** का संदर्भ ग्रहण करे, जिसके द्वारा 'राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस' का आयोजन इस वर्ष दिनांक **24** अप्रैल **2017** को उत्तर प्रदेश में किए जाने के सम्बंध में अवगत कराते हुए पंचायत सशक्तीकरण पुरस्कार योजनान्तर्गत पंचायतों द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु विभिन्न श्रेणियों में चयनित त्रिस्तरीय पंचायतों के पदाधिकारियों एवं अन्य गणमान्य व्यक्तियों सहित लगभग **3,000** प्रतिनिधियों द्वारा प्रतिभाग करने सम्बंधी सूचना प्रदान की गई है। कार्यक्रम का आयोजन डा0 राम मनोहर लोहिया राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय में होगा जिसकी अध्यक्षता मा0 केन्द्रीय मंत्री, ग्रामीण विकास, पंचायती राज एवं ग्रामीण पेयजल एवं स्वच्छता मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा की जाएगी तथा कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मा0 मुख्यमंत्री जी, उत्तर प्रदेश होगें।

उक्त आयोजन हेतु दिनांक **13** अप्रैल **2017** को मुख्य सचिव, उ0प्र0 शासन की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में लिए गए निर्णय के अनुसार कार्यक्रम का वृहद स्तरीय प्रचार-प्रसार (िप्रंट, इलेिक्ट्रानिक एवं दृश्य माध्यमों का उपयोग) किया जाना है एवं दूरदर्शन से समन्वय बैठाते हुए जनसामान्य हेतु सीधा प्रसारण किया जाना है, ताकि कार्यक्रम के प्रचार-प्रसार के साथ पंचायतों को अच्छे कार्यो हेतु प्रोत्साहित भी किया जा सके।

उक्त निर्णयों के दृष्टिगत राष्ट्रीय स्तर के कार्यक्रम के आयोजन हेतु निम्न कार्यो का सम्पादन आपके स्तर से किया जाना है-

http://shasnadeshup.nic.in

1. दूरदर्शन के साथ समन्वय स्थापित कार्यक्रम का सीधा प्रसारण कराया जाना, विशेषकर जब मुख्यमंत्री जी का उद्बोधन हो।

2. कार्यक्रम संबंधी होर्डिंगों **(10X12)** को लखनऊ में **100** चिन्हित स्थलों पर दिनांक **22** अप्रैल, **2017** को शहर के प्रमुख स्थानों पर लगवाया जाना।

3. सुप्रीम कोर्ट के आदेशों के अनुसार विज्ञापनों को तैयार करते हुए प्रिंट एवं इलेक्ट्रानिक मीडिया में दिनांक **23** अप्रैल, **2017** को विज्ञापन प्रसारित किया जाना।

4. प्रेस कान्फेंस का आयोजन एवं मीडिया कवरेज हेतु आवश्यक व्यवस्था किया जाना-

क. दिनांक **22** अप्रैल, **2017** को मा**0** मंत्री, पंचायती राज, उ**0**प्र**0** एवं मा**0** मंत्री, ग्राम्य विकास विभाग, उ**0**प्र**0** द्वारा कार्यक्रम आयोजन के सम्बंध में प्रेस कान्फेंस का आयोजन किया जाना।

ख. दिनांक **24** अप्रैल, **2017** को मा**0** मुख्यमंत्री जी एवं मा**0** केन्द्रीय मंत्री, ग्रामीण विकास, पंचायती राज एवं ग्रामीण पेयजल एवं स्वच्छता मंत्रालय, भारत सरकार कार्यक्रम आयोजन के सम्बंध में प्रेस कान्फेंस का आयोजन किया जाना।

5. कार्यक्रम स्थल पर दो मोबाइल एल.ई**0**डी**0** स्क्रीन वैन **(10X12)** की व्यवस्था।

6. विभागीय समन्वयन हेतु स्वयं के स्तर पर नोडल अधिकारी नियुक्त कर विभाग को सम्पर्क विवरण उपलब्ध कराना ताकि कार्यक्रम प्रचार-प्रसार से सम्बंधी विज्ञापन आलेख एवं सम्भावित व्यय पर चर्चा की जा सके।

अत: आपसे अनुरोध है कि उपरोक्तानुसार कार्यक्रम की कवरेज, होर्डिंग, प्रिंट एवं इलेक्ट्रानिक मीडिया में विज्ञापन एवं समाचार विज्ञप्ति हेतु आवश्यक व्यवस्था के साथ उक्त कार्य में आने वाले व्यय हेतु वित्तीय प्रस्ताव विभाग को यथाशीघ्र उपलब्ध कराने का कष्ट करें ताकि अतिशीघ्र प्रचार-प्रसार के आलेख को अंतिम रूप दिया जा सके।

भवदीय

(चंचल कुमार तिवारी**)**
अपर मुख्य सचिव।

संख्या व दिनांक**:-** तदैव।

प्रतिलिपि**:-** निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. निदेशक, सूचना विभाग, उ**0**प्र**0** शासन।
2. निदेशक, दूरदर्शन, उ**0**प्र**0**।

http://shasnadesh.up.nic.in

3- निदेशक, पंचायती राज विभाग, उ0प्र0।

4- श्री सौरभ गुप्ता, राज्य सूचना अधिकारी, एन0आई0सी0, लखनऊ।

5- श्री एस0सी0 भारती, सहायक सूचना निदेशक, सम्बद्ध मा0 मंत्री, पंचायती राज, उ0प्र0 को इस आशय के साथ कि स्वयं के स्तर से भी कार्यक्रम आयोजन एवं दिनांक **22.04.2017** को आयोजित प्रेस कान्फ्रेंस की सूचना प्रमुख समाचार पत्रों में देने का कष्ट करें।

आज्ञा से,

(चंचल कुमार तिवारी)
अपर मुख्य सचिव।

http://shasnadeshup.nic.in